रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) मैसर्स बी० आर० ई० एल०/यूनाटेड किंगडम के साथ ठेका करने का निर्णय 1988 में लिया गया था एक आशय पत्र भी प्रस्तुत किया गया था। लेकिन मैसर्स बी० आर० ई० एल० ने वचनबद्धता पूरी नहीं की।

(ख) इसकी वजह से परियोजना की लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है। क्योंकि इस फैक्टरी ने स्वदेशी अभिकल्प से उत्पादन शुरू कर दिया था और 1992-93 के दौरान उसने अपनी पूरी निर्धारित क्षमता प्राप्त कर ली थी।

(ग) मार्च 1994 तक लगभग 325.65 करोड़ रु० खर्च किये गये है।

(घ) यह परियोजना निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मार्च 1988 में चालू की गई थी। इस परियोजना ने प्रतिवर्ष 1000 सवारी डिब्बों का अपना निर्धारित उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

(ङ) नई बोलियां आमंत्रित की गई थी और ख्यातिप्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय निर्माताओं से बोलियां प्राप्त हो गई है।

नगर निगमों आदि को जमीन सौंपे जाने के संबंध में गुजरात राज्य से प्राप्त प्रस्ताव

4789. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल** : रेल मंत्री क्या यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को गुजरात सरकार की ओर से पुराना राजकोट जाम नगर और सुरेन्द्र नगर रेलवे स्टेशनों की जमीनें संबंधित स्थानीय सरकार या नगर निगमों को सौंपने के लिये कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की है; और

(ग) इन जमीनों को स्थानीय सरकार या नगर निगमों को सौंपे जाने में क्या अड़चनें हैं?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) :

(क) जी हां।

(ख) रेलें गुजरात राज्य सरकार/संबंधित स्थानीय निकाय को फालतू रेलवे भूमि देने के लिये सहमत हो गई हैं।

(ग) राज्य सरकार भूमि का बाजार मूल्य अदा करने के लिये सहमत नहीं हुई हैं, जबकि मौजूदा नियमों के अनुसार ऐसा करना अपेक्षित है।

Corruption in Eastern Railway Danapur

4790. SHRI JAGANNATH SINGH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have received any representation for M.Ps. about corruption charges against Divisional Railway Manager and Divisional Security Commissioner, Eastern Railway, Danapur and their subordinates;

(b) if so, what are the detils thereof and what action has been taken by Government to punish the officers and staff of Danapur Division. Eastern Railway; and

(c) if not, what are the reasons therefor ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF) : (a) Yes Sir. A complaint has been received.

(b) and (c) It mentions about instances of malpractices on the part of different officers and staff on account of the Divisional Railway Manager, Danapur, not taking action against their dishonest activities. The matter has been taken up for investigation.